क.रा.बी.नि.
E.S.I.C

કર્મચારી રાજ્ય વીમા નિગમ
(શ્રમ અને રોજગાર મંત્રાલય, ભારત સરકાર)
कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)
Email : ms-ankleshwar.gj@esic.nic.in

सत्यमेव जयते

ક.રા.બી.નિ હોસ્પિટલ, અંકલેશ્વર,
પ્લોટ નં.H3012, 500 કવાતર પાસે,
અંકલેશ્વર, જિ. ભરૂચ
क.रा.बी. निगम अस्पताल, प्लाट स. H3012,
500 क्वाटर के पास, अकलेश्वर, जो.भरूच
ESIC Hospital, Plot No. H3012, Nr. 500 Quarters, Ankleshwar, Dist. Bharuch
Website : www.esic.gov.in

क. रा. बी. निगम अस्पताल अंकलेश्वर

क. रा. बी. निगम 75वां स्थापना दिवस – विशेष सेवा पखवाड़ा

रिपोर्ट दिनांक: 10/03/2025

क. रा. बी. निगम अस्पताल, अंकलेश्वर में क. रा. बी. निगम 75वां स्थापना दिवस – विशेष सेवा पखवाड़ा के समापन एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन :

क. रा. बी. निगम अस्पताल अंकलेश्वर में क. रा. बी. निगम 75वां स्थापना दिवस – विशेष सेवा पखवाड़ा के समापन समारोह के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एल. आर. वांडीकर के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ, जिसमें अस्पताल के चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल स्टाफ तथा अन्य कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

अपने संबोधन में चिकित्सा अधीक्षक ने विशेष सेवा पखवाड़े के दौरान आयोजित विभिन्न गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि इस अवधि में अस्पताल द्वारा विभिन्न जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें स्वास्थ्य वार्ताएं, सुविधा समागम कार्यक्रम, पोस्टर प्रदर्शनी, कर्मचारी सुरक्षा और महिला सहयोग विषयक नुक्कड़ नाटक तथा "Healthy Worker, Prosperous India" विषय पर क्विज प्रतियोगिता शामिल थीं। इसके साथ ही विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम, अस्पताल एवं परिसर में स्वच्छता अभियान, आंतरिक स्वास्थ्य जांच शिविर, आयुर्वेद स्वास्थ्य जागरूकता एवं योग शिविर, निवारक स्वास्थ्य जांच एवं स्वास्थ्य स्क्रीनिंग कैंप तथा बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट के प्रति जागरूकता और उचित प्रथाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इसके अतिरिक्त, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में महिलाओं के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें समाज और कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

कर्मचारी राज्य बीमा निगम
अटल बीमित व्यक्ति कल्याण योजना
श्रमिक कल्याण, सामाजिक सुरक्षा एवं राष्ट्र निर्माण हेतु समर्पित
Foundation Day of ESIC
वैटिंग लोन्ज
WAITING LOUNGE
International Women's Day
2026-2027
श्रमिक कल्याण, सामाजिक सुरक्षा एवं राष्ट्र निर्माण हेतु समर्पित
कर्मचारी राज्य बीमा निगम
24 फरवरी 2026, मंगलवार

इस अवसर पर डॉ. गीतांजलि ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के महत्व पर अपने विचार व्यक्त करते हुए महिलाओं के स्वास्थ्य, सशक्तिकरण तथा समाज और कार्यस्थल में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के दौरान श्री विनोद कुमार, सहायक निदेशक तथा श्री प्रभात दुआ, सहायक निदेशक ने भी संक्षिप्त संबोधन दिया। उन्होंने विशेष सेवा पखवाड़े के सफल आयोजन के लिए अस्पताल के सभी चिकित्सकों एवं कर्मचारियों की सराहना की और ईएसआईसी की सेवाओं को श्रमिकों और उनके परिवारों तक प्रभावी रूप से पहुंचाने के लिए सभी को निरंतर प्रयास करते रहने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान श्रीमती सरीना विक्रम यादव, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी, ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में एक प्रेरणादायक कविता का वाचन किया। इस अवसर पर अस्पताल प्रबंधक द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला गया तथा महिलाओं के योगदान और सशक्तिकरण को सम्मानपूर्वक याद किया गया।

कार्यक्रम के अंत में चिकित्सा अधीक्षक ने पखवाड़े के दौरान सभी गतिविधियों को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल स्टाफ तथा मंत्रालयिक कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया और सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया।